# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : अप्रैल–मई 2023

## परीक्षा का नाम : मध्यमा पूर्ण

## विषय : गायन तथा स्वरवाद्य वादन

दि. 23/04/2023 समय : सुबह 9 से 12 कुल अंक : 100

सूचनाएँ : (1) प्रथम प्रश्न अनिवार्य ।
(2) शेष प्रश्नोंमेंसें कोई भी 4 प्रश्न हल करें ।
(3) सभी प्रश्नों के अंक समान है ।

प्रश्न 1. पाठ्यक्रम मे से विस्तृत अध्ययन के लिये दिए गए रागोमें से किसी एक राग में विलंबित ख्याल अथवा मसीतखानी गत स्थायी और अंतरा के साथ स्वरलिपीबद्ध करे, साथमें 3 तालबद्ध आलाप लिखे। (7+7+6=20)

प्रश्न 2. पाठ्यक्रम मे से साधारण ज्ञान के लिए दिए गए रागो मे से किसी एक राग मे छोटा ख्याल अथवा रजाखानी गत स्थायी और अंतरा के साथ स्वरलिपीबद्ध करे, साथ में 3 तालबद्ध ताने/तोडे लिखे। (7+7+6=20)

प्रश्न 3. रागों की तुलना कीजिए। (कोई 2 जोडियाँ) (10+10=20)

1) भूप–देसकार
2) कामोद–छायानट
3) बिहाग–तिलंग

प्रश्न 4. निम्नलिखित तालों की पूरी जानकारी लिखकर ठेके लिखे। और सूचना नुसार लयकारी लिखे। (4X5=20)

1) झुमरा–दुगुन (भातखंडे लिपी मे)

2) धमार–तिगुन (पलुस्कर लिपी मे)
3) दिपचंदी–चौगुन (भातखंडेलिपी मे)
4) रुपक–तिगुन (पलुस्कर लिपी मे)

**प्रश्न 5. अ) रिक्त स्थानों की पूर्ती करे। (5)**

1) हिंदुस्थानी शास्त्रीय संगीत मे गणितानुसार ---------- थाट निर्माण होते है।
2) ताल दिपचंदी ---------- गायन के लिये उपयुक्त है।
3) राग शंकरा का थाट ---------- है।
4) वाद्योंपर मसीतखानी गत ---------- लय मे बजाते है।
5) जिस तान मे बंदिश के बोल गाये जाते है उसको ---------- कहते है।

**ब) सही या गलत बताइए। (5)**

1) राग पुरिया धनाश्री सायंकालीन संधिप्रकाश राग है।
2) वाद्य प्रकार मे धातू से बनाये हुए वाद्य को अवनद्ध वाद्य कहते है।
3) नोम तोम आलापी धृपद गाते समय की जाती है।
4) छायानट राग मे रे–प स्वरसंगती महत्त्वपूर्ण है।
5) जयजयवंती राग मे दोनो गंधार और दोनो निषाद लेते है।

**क) उचित जोडी चुने। (5)**

| | |
|---|---|
| 1) ताल धमार | 1) विलंबित ख्याल |
| 2) ताल झुमरा | 2) सुगम संगीत |
| 3) ताल केहरवा | 3) धमार गायन के साथ |
| 4) ताल झपताल | 4) सम और काल पहली मात्रापर |
| 5) ताल रुपक | 5) 2+3+2+3 ताल विभाग |

ड) निम्नलिखित स्वर समूहसे राग पहचानिए। (5)

1) सारेप, गमप, गम, रेसा।

2) सा रेग॒रेसा, ध॒नी॒रे, गमग, रेग॒रेसा।

3) ऩिसा, ग॒मपनी, धप, मपग॒, रेसा।

4) ऩिसागमं, पमगमग, रेसा।

5) सारेग, गरेपग, धपगरे, गरे, सारेध़सा

प्रश्न 6. टिप्पणियाँ लिखे। (कोई 4) (4X5=20)

1) अध्वर्दर्शक स्वर

2) आविर्भाव–तिरोभाव

3) अल्पत्त्व–बहुत्त्व

4) संधीप्रकाश राग

5) आधुनिक श्रुती–स्वर विभाजन

प्रश्न 7. किसी एक की जिवनी लिखे। (20)

1) जयदेव

2) अमीर खुसरो।